UPRVUNL

U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD CPF TRUST.
9th Floor, Shakti Bhawan Extn., Room No. 928
14-Ashok Marg, Lucknow - 226001
उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 सी0पी0एफ0 ट्रस्ट,
9वॉं तल, शक्ति भवन विस्तार, कक्ष संख्या – 928,
14. अशोक मार्ग, लखनऊ – 226 001

पत्रांकः सचिव/उनिलि/ई–वोटिग/3450

दिनांक : 18.12.2020

आवश्यक सूचना

आप अवगत है कि सी0पी0एफ0 ट्रस्ट के न्यासी सदस्यों का चयन ई–वोंटिग के माध्यम से किया जाना निर्धारित है। ई–वोंटिग के माध्यम से मतदान हेतु सही सी0पी0एफ0 का खाता सं0, नाम एवं मोबाईल नं0 होना आवश्यक है। मतदाताओं की सूची परियोजनावार विभागीय बेबसाईट www.uprvunl.org पर उपलब्ध है। गोपनीयता की दृष्टि से उक्त सूची में मोबाईल नं0 को अंकित नही किया गया है, मोबाईल नं0 युक्त मतदाता सूची परियोजना पर संयुक्त चुनाव अधिकारी को उपलब्ध करा दी गयी है।

चुनाव समिति द्वारा मतदाता सूची में सुधार/संशोधन हेतु अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 26.12.2020 सायः 5:00 बजे तक का समय विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के सम्बन्ध में यह मतदाता सुधार/संशोधन हेतु अपना प्रार्थना पत्र दिनांक 23.12.2020 तक आहरण एवं वितरण अधिकारी को प्रस्तुत करेगें जिसे आहरण एवं वितरण अधिकारी दिनांक 24.12.2020 तक चुनाव अधिकारी (Project Manager) के स्तर पर प्रस्तुत करेगें एवं चुनाव अधिकारी अपने स्तर से संशोधित सूची दिनांक 26.12.2020 तक uprvunlcpftrust@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अतः सभी कार्मिक मतदाताओं से अनुरोध है कि :–

1. यदि मतदाता द्वारा पूर्व में दी गयी सूचना में किसी प्रकार का संशोधन जैसे गलत खाता संख्या/नाम/मोबाईल नम्बर में संशोधन चाहता है तो उसे निम्न प्रारुप में पूर्ण सूचना अंकित करते हुए आहरण एवं वितरण अधिकारी से सत्यापित कराने के उपरान्त संयुक्त चुनाव अधिकारी के स्तर से ई–मेल के द्वारा निर्धारित विस्तारित तिथि एंव समय से पूर्व uprvunlcpftrust@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
2. यदि किसी मतदाता का नाम सूची में किसी कारणवश छूट गया है तो वह अपने नाम को सम्मिलित कराने हेतु निम्न प्रारुप में पूर्ण सूचना अंकित करते हुए एवं आहरण एवं वितरण अधिकारी से सत्यापित कराने के उपरान्त संयुक्त चुनाव अधिकारी के स्तर से ई–मेल के द्वारा निर्धारित विस्तारित तिथि एवं समय से पूर्व uprvunlcpftrust@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

सी0पी0एफ0 खाता सं0	कार्मिक का नाम	पदनाम	तैनाती स्थल	मोबाईल नं0

यह भी सूचनीय है कि उक्त निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नही होगा।

18-12-20

(विभु प्रसाद महापात्रा)
मुख्य चुनाव अधिकारी